5000Rs



INDIA NON JUDICIAL

५000रु. R. 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

188262

विक्रय विलेख

विक्रय मूल्य	:	रु0 4,20,500/-
बाजारू मूल्य	:	रु0 2,46,400/-
स्टाम्प शुल्क	:	रु0 42,100/-
परगना	:	बिजनौर

यह विक्रय विलेख श्रीमती रोशना विधवा स्व0 पंचम निवासी ग्राम -पुलपुल नगर पुलपल, परगना बिजनौर, तहसील व जिला लखनऊ एवं जिन्हें आगे विक्रेतागण कहा गया है, एवम्



5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५०००रु. R 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

188263

सलान पुत्र मिट्टू, वर्तमान निवासी-254, गन्धलोक, आलीगंज, लखनऊ एवं स्थाई निवासी-ग्राम नियांपुर मिठौलिया, पोस्ट-नौगांव, जिला-फतेहपुर ग्राम व पोस्ट-सिमनहा, जिला- फतेहपुर जिसे आगे क्रेता कहा गया है, के मध्य निष्पादित किया गया।

यह कि विक्रेतागण भूमि खसरा संख्या-253 रकबा-251 के 1/3 भाग अर्थात 0.084 हेक्टेअर, व 255 रकबा 0.140 हेक्टेअर के पूरे भाग, कुल रकबा 0.224 हेक्टेअर, स्थित ग्राम मुजफ्फर नगर घुसवल, परगना -बिजनौर, तहसील व जिला, लखनऊ, का मालिक, काबिज व काबिज है तथा उपरोक्त सम्पत्ति भारमुक्त



5000Rs



5000 रु. Rs 5000

भारत

पांच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

188263

खाता खतौनी क्रम संख्या 227 व 47 के अनुसार भूमि विक्रेतागण के नाम का अमल दरामद राजस्व अभिलेखों में हो गया है। विक्रेतागण अपना सम्पूर्ण हिस्सा क्रेता को इस विक्रय विलेख द्वारा विक्रय कर रहे हैं विक्रेतागण उपरोक्त सम्पूर्ण भूमि के मालिक, काबिज व दाखिल है एवं वर्तमान समय में उक्त भूमि कृषि भूमि है, और यह कि विक्रेतागण यह घोषित करता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि सभी प्रकार के भारों से मुक्त एवं पाक व साफ है तथा विक्रेतागण ने उसे इस विलेख के पूर्व कहीं बय, हिबा, गिरवी या अनुबन्धित इत्यादि नहीं किया है। उपरोक्त भूमि या उसका कोई भाग

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

5000 रु. Rs 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

188265

किसी न्यायालय या सरकारी कार्यवाही के अन्तर्गत विवाद का वस्तु विषय नहीं है, न ही कुर्क इत्यादि है। विक्रेतागण के अलावा उक्त भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का स्वत्व, हक या दावा इत्यादि नहीं है, एवं विक्रेतागण को उक्त विक्रय अन्तरण करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। अतएव उपरोक्त सम्पत्ति के फलस्वरूप रु0 4,20,553/- (चार लाख बीस हजार पाँच सौ तिरपन रुपया) के प्रतिफल में जिसका कि उपरोक्त क्रेता द्वारा विक्रेतागण को इस विलेख के अन्त में दी गई अनुसूची में वर्णित विधि के अनुसार भुगतान कर दिया गया है एवं जिसकी प्राप्ति को विक्रेतागण यहाँ स्वीकार करता है,

5000Rs

INDIA NON JUDICIAL

५०००रु.

Rs 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

185266

-5-

तदनुसार अतः विक्रेतागण द्वारा क्रेता के हाथ उपरोक्त वर्णित भूमि जिसका विवरण इस विक्रय विलेख के अन्त में अनुसूची के अन्तर्गत दिया गया है, को बराबर बेच दिया है, एवं विक्रेतागण ने विक्रयशुदा भूमि का मौके पर कब्जा क्रेता को बखूबी करा दिया गया है। अब उक्त आराजी पर विक्रेतागण तथा उनके वारिसान का कोई अधिकार नहीं है। विक्रेतागण ने विक्रयशुदा सम्पत्ति को अपने स्वामित्व के समस्त अधिकारों के साथ पूर्णतया व हमेशा के लिए क्रेता को हस्तान्तरित कर दिया है। अब क्रेता विक्रयशुदा सम्पत्ति एवं उसके प्रत्येक भाग को अपने एकमात्र स्वामित्व व अधिकार व कब्जे

5000Rs.



INDIA NON JUDICIAL

५000रु. Rs 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

188267

में सम्पत्ति के रूप में धारण एवं उपभोग व उपयोग करेंगे। विक्रेतागण अथवा किसी प्रकार की अड़चन बाधा नहीं डाल सकेंगे एवं न ही कोई मांग कर सकेंगे। और यदि विक्रयशुदा सम्पत्ति अथवा कोई भाग विक्रेतागण के स्वामित्व में त्रुटि के कारण या कानूनी अड़चन या कानूनी त्रुटि के कारण क्रेता या उसके वारिसान निष्पादकगण इत्यादि के कब्जे या अधिकार या स्वत्व से निकल जावे तो क्रेता उसके वारिसान, निष्पादकगण इत्यादि को यह हक होगा कि वह अपना समस्त नुकसान मय हर्जा व खर्चा, विक्रेतागण की चल,

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५000रु. Rs 5000

भारत

पाँच हजार रुपये FIVE THOUSAND RUPEES

190141

-7-

अचल सम्पत्ति से आईन अदालत वसूल कर ले। उस स्थिति में विक्रेतागण एवं उनके वारिसान हर्जा व खर्चा देने हेतु बाध्य होंगे।

यह कि क्रेता विक्रयशुदा सम्पत्ति की दाखिल खारिज राजस्व अभिलेखों में अपने नाम दर्ज करा ले तो विक्रेतागण को कोई आपत्ति न होगी और यह कि इस विक्रय विलेख के पूर्व का अगर कोई बकाया किसी तरह का भार इस सम्पत्ति पर होगा तो उसको विक्रेतागण भुगतान व वहन करेंगे, विक्रेतागण को कोई आपत्ति न होगी।

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५000 रु.

Rs 5000

भारत

पाँच हजार रूपये FIVE THOUSAND RUPEES

13016

-2-

यह कि अरोपित खसरा नम्बर ग्राम मुजफ्फर नगर पुख्ता, अर्द्धनगरीय क्षेत्र के विशिष्ट ग्राम के अन्तर्गत आता है इसलिए निर्धारित सर्किल रेट रू0 11,00,000/- प्रति हेक्टेयर के हिसाब से विक्रीत भूमि 0.224 हेक्टेयर की मालियत रू0 2,46,400/- होती है। चूंकि विक्रय मूल्य, भूमि की मालियत मूल्य से अधिक है इसलिए नियमानुसार विक्रय मूल्य पर ही रू0 42,100/- जनरल स्टाम्प अदा किया जा रहा है। यह कि अरोपित विक्रीत भूमि कृषि के उपयोग के लिए क्रय की जा रही है। इस भूमि में कोई कुआँ, तालाब, व निर्माण आदि नहीं है, तथा 200 मी0 के अर्धव्यास में कोई निर्माण

1000Rs.

भारत

१०००रु. Rs 1000

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

नहीं है विक्रीत भूमि किसी लिंक मार्ग, राजमार्ग व जनपदीय मार्ग पर स्थित नहीं है। विक्रीत भूमि सुल्तानपुर रोड से लगभग दो किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है। विक्रेतागण व क्रेता दोनों अनुसूचित जाति के सदस्य हैं। इस विक्रय विलेख के निबन्धन का समस्त व्यय क्रेता द्वारा वहन किया गया है।

परिशिष्ट : विवरण विक्रयशुदा सम्पत्ति का विवरण

भूमि खसरा संख्या–123 रकबा–251 के 1/3 भाग अर्थात 0.084 हेक्टेयर, व 255 रकबा 0.140 हेक्टेयर के पूरे भाग, कुल

1000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

२०००रु. Rs 1000

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रकबा 0.224 हेक्टेअर, स्थित ग्राम मुजफ्फर नगर घुसौली, परगना -बिजनौर, तहसील व जिला लखनऊ, जिसकी चौहद्दी निम्न है।

<u>खसरा नं0 132 रकबा 0.251 हेक्टेअर</u>

पूरब	: खसरा संख्या-249, 251, 252, 132
पश्चिम	: खसरा संख्या-107
उत्तर	: खसरा संख्या-161
दक्षिण	: खसरा संख्या-136

100Rs.



INDIA NON JUDICIAL

300 Rs

Rs 100

एक सौ रुपये ONE HUNDRED RUPEES

<u>खसरा न० 255 रकबा 0.140 हेक्टेअर</u>

पूरब	: खसरा संख्या–208
पश्चिम	: खसरा संख्या–254
उत्तर	: खसरा संख्या–247
दक्षिण	: खसरा संख्या–256

परिशिष्ट : भुगतान विवरण

कुल विक्रय मूल्य विक्रेतागण को रू० 4,20,553/- (चार लाख बीस हजार पाँच सौ तिरपन रुपया) क्रेता से प्राप्त हुए तथा जिसकी प्राप्ति विक्रेतागण स्वीकार करते हैं।

लिहाजा यह विक्रय पत्र हम विक्रेतागण ने क्रेता के पक्ष में स्वस्थ मस्तिष्क बिना किसी जोर दबाव के, व स्वस्थ चित्त व मन की दशा में लिख दिया ताकि सनद रहे और आवश्यकता पड़ने पर काम आवे।

लखनऊ
दिनांक: 04.11.2004

गवाह

1.

2.

विक्रेतागण

क्रेता।

टाईपकर्ता

(राम सनेही)

मसविदाकर्ता

(वेंकट रमन सिंह)
एडवोकेट



रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 की धारा 32ए के अनुपालन हेतु फिंगर्स प्रिन्टस

प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता का नाम व पता --

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :



दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :



प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता/क्रेता के हस्ताक्षर

प्रस्तुतकर्ता/विक्रेता का नाम व पता --

बायें हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :





दाहिने हाथ के अंगुलियों के चिन्ह :

क्रेता के हस्ताक्षर